# फर्जी बैंक खातों में सट्टा सहित अवैध कारोबार का लेनदेन

## कोतवाली पुलिस ने साइबर ठग गिरोह के तीन सदस्य पकड़े, पूरे प्रकरण में अंतर्राज्यीय गिरोह सक्रिय

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कोतवाली पुलिस ने फर्जी तरीके से खुलवाए गए खातों एवं साइबर धोखाधड़ी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह इन खातों को उपयोग सट्टा सहित अन्य अवैध कारोबार के लेनदेन में करते थे। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने इस पूरे प्रकरण में शिकायत के बाद कार्यवाहीं करते हुए गिरोह के स्थानीय सदस्यों को गिरफ्तार किया था, जो भोले-भाले लोगों को पैसो का लालच देकर उनके दस्तावेजों पर फर्जी तरीके से बैंक में खाता खुलवाते थे। तथा उन्हें गिरोह के अन्य सदस्यों को बेचा जाता था, जिनमें करोड़ो रूपये के अवैध लेनदेन की बात सामने आई है। जिसकी छानबीन कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रहीं है।



दरअसल 7 अप्रेल को रौनक पुत्र कन्हैयालाल यादव ने पुलिस को बताया था कि आरोपी करन अहिरवार निवासी भौराकाछी, सुयाश सिंघई निवासी दुबे कॉलोनी, जितेन्द्र पुरी निवासी विंध्याचल कॉलोनी गुना एवं प्रवल प्रताप सिंह तोमर निवासी गुना द्वारा आवेदक सहित अन्य व्यक्तियों के दस्तावेज प्राप्त कर बिना वैधानिक प्रक्रिया के बैंक खाते खुलवाए गए है। युवक की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था, जिसकी जांच कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा की जा रहीं है।

### साइबर ठगों को उन्नाव उप्र से किया गिरफ्तार:

फर्जी बैंक खाता खुलवाए जाने और साइबर ठगों के गिरोह की अशंका के चलते पुलिस ने शिकायत के बाद त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोपी करन अहिरवार, सुयाश सिंघई, जितेन्द्र पुरी एवं प्रवल प्रताप सिंह तोमर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जप्त किए गए। प्रारंभिक जांच में बड़े पैमाने पर (लाखों से करोड़ों रुपये तक) वित्तीय लेन-देन होना संभावित पाया गया था। वहीं गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्यों की पहचान की गई। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा शनिवार को उन्नाव (उप्र) में दबिश देकर आरोपी अमित पुत्र रामविलास पासी निवासी गांधी नगर उन्नाव एवं विजयकांत पुत्र समर बहादुर परिहार निवासी मॉडर्न बिहार कॉलोनी उन्नाव (उप्र) को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन आदि जप्त किए गए। पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताया गया कि वह अन्य गिरफ्तार शुदा आरोपियों को जियो पेमेंट बैंक के खातों हेतु आईडी, पासवर्ड एवं ओटीपी उपलब्ध कराते थे, जिनका उपयोग सट्टा एवं अन्य अवैध लेन-देन में किया जाता था।

### बैंगलोर दी जा रहीं थी खातों कीजानकारी:

इसके साथ ही पुलिस ने पड़रिया निवासी आरोपी मनीष पुत्र राजनारायण अहिरवार को भी शनिवार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्त में आए आरोपी द्वारा फर्जी खाते खुलवाकर उनकी जानकारी बैंगलोर निवासी अज्ञात व्यक्ति को उपलब्ध कराई जा रहीं थी। पुलिस द्वारा इस मामले में गहनता से जांच की जा रहीं और अन्य आरोपियों एवं नेटवर्क की तलाश जारी है। साथ ही साइबर धोखाधड़ी से जुड़े वित्तीय लेन-देन की जांच भी जारी है। इस कार्यवाही में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रविप्रताप सिंह चौहान, निरीक्षक नरेश रावत (सायबर सेल), उप निरीक्षक मसीह खान, संजय गुप्ता, अभिजीत सिंह (सायबर सेल), सहायक उप निरीक्षक विनोद तिवारी, प्रधान आरक्षक पंकज तिवारी, नवल शर्मा एवं आरक्षक अवनीश दोहरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# दो सत्रों में संपन्न होगी राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा

**परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए तीन केंद्र**

**चश्मा, टोपी रहेगा प्रतिबंध, चप्पल में देनी होगी परीक्षा**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 का आयोजन रविवार को किया गया है, जिसके चलते परीक्षा के लिए जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर दो सत्रों में संपन्न होगी। परीक्षा का सुचारु एवं शांतिपूर्ण संचालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिसमें राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। प्रथम सत्र प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक रहेगा, जिसके लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश प्रात: 9.15 बजे से 9.45 बजे तक दिया जाएगा। वास्तविक परीक्षा समय 10 बजे से 12 बजे तक रहेगा। द्वितीय सत्र दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे तक आयोजित होगा। इस सत्र में अभ्यर्थियों का प्रवेश दोपहर 1.30 बजे से 2 बजे तक रहेगा। निर्धारित समय के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### जिले में निर्धारित परीक्षा केंद्र:


परीक्षा के लिए जिले में कुल 3 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। जिनमें शासकीय मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल शंकरपुर टोरिया, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय अशोकनगर तथा शासकीय नेहरू स्नातकोत्तपर महाविद्यालय अशोकनगर बनाये गये है।

### परीक्षा में अनुमत एवं प्रतिबंधित वस्तुएं:

परीक्षा केंद्र में प्रवेश के समय अभ्यर्थियों को ई-प्रवेश पत्र, वैध फोटो पहचान पत्र, निर्धारित स्याही का पेन, स्वयं का फोटो, पारदर्शी पानी की बोतल एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक सामग्री लाने की अनुमति होगी। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार की स्टेशनरी सामग्री जैसे पेंसिल, रबर, स्केल, बैग, पुस्तक, कागज, आईटी गैजेट्स एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच, डिजिटल घड़ी, हेडफोन, ब्लूटूथ आदि पूर्णत: प्रतिबंधित रहेंगे। इसके अतिरिक्त चाबी, पर्स, बेल्ट, धूप का चश्मा, पर्स/वॉलेट, टोपी, ताबीज, आभूषण एवं अन्य कीमती सामान लाना वर्जित रहेगा। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, जूते-मोजे पर प्रतिबंध रहेगा।

## एक नजर में

### रघुवंशी बने भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष



**शाढ़ौरा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा में नई संगठनात्मक नियुक्तियों के तहत धर्मवीर सिंह रघुवंशी को जिला किसान मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा द्वारा की गई। धर्मवीर सिंह रघुवंशी के जिलाध्यक्ष बनने पर जिले भर के किसानों, कार्यकर्ताओं एवं उनके इष्ट मित्रों ने उनका अभिनंदन करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में किसानों की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाएगा और संगठन को नई दिशा मिलेगी।

### ज्ञान भारतम एप पर हस्तलिखित पाण्डुलिपियां अपलोड की गईं

**अशोकनगर।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं आयुक्त पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय निदेशालय भोपाल के निर्देश पालनकम मे ज्ञान भारतम् पाण्डुलिपि मिशन के अंतर्गत पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत जिले मे जिला स्तरीय समिति का गठन किया है। जिसमें इतिहास के जानकार, प्राध्यापकों एवं अन्य नागरिकों को सम्मलित किया गया। समिति की बैठक दिनांक 23 अप्रैल 2025 को कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में घर-घर चिपकाए पर्चे

## विद्युत अधिनियम की धारा का किया उल्लेख, एक दिन पहले स्मार्ट मीटर के विरोध में हुआ था बवाल

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शहर के वार्ड क्रमांक 16 मोहरी रोड़ पर स्मार्ट मीटर का विरोध लगातार जारी है, जहां एक दिन पहले स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर उपभोक्ताओं और विद्युत कर्मचारियों के बीच झड़प और जमकर बवाल हुआ था, तो वहीं दूसरे दिन मोहल्ले के अधिकतर लोगों ने घरों के स्मार्ट मीटर के विरोध में पर्चे चस्प कर लिये है। जिस पर विद्युत अधिनियम की घारा का उल्लेख करते हुए उपभोक्ता की बिना सहमति के स्मार्ट मीटर लगाना गैर कानूनी बताया गया है।

दरअसल शनिवार की सुबह वार्ड क्रमांक 16 मोहरी रोड़ पर स्थित अधिकतर मकानों पर रहवासियों ने विरोध के पर्चे चस्पा कर दिए, जिसमें बिना उपभोक्ता की अनुमति स्मार्ट मीटर लगाने को कानून के खिलाफ बताते हुए इसका खुला विरोध दर्ज कराया गया है। इन पर्चों में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि सूचित किया जाता है कि बिना उपभोक्ता की परमिशन लिए स्मार्ट मीटर लगाना विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47 के (5) तहत गलत है। हम स्मार्ट मीटर का विरोध करते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना और सहमति के मीटर बदलने का प्रयास किया गया, जो उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है।







### स्मार्ट मीटर के विरोध में एक दिन पहले हुआ था बवाल:

दरअसल शुक्रवार को विद्युत कर्मचारी मोहरी रोड़ पर मीटर लगाने के लिए पहुंचे थे, जहां बिना सूचना और बिना सहमति के घरों के आगे स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे थे। जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध किया तो उन्हें पुलिस और एफआईआर की धमकी दी गई। जिसके बाद हंगामा शुरू हो गया और करीब तीन घंटे तक विद्युत कर्मियों और स्थानीय नागरिको में जमकर बहसबाजी हुई। विरोध के दौरान स्थानीय लोगों ने स्मार्ट मीटर विरोध जताया था, तो वहीं पुराने मीटर लगाने की बात कहते हुए जेई को बैठा लिया गया। जिसके बाद स्थिति बिगड़ने पर मौके पर बिजली कंपनी के सहायक अभियंता (एई) नवीन यादव पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन सभी प्रयास असफल रहे और बाद में पुलिस की मौजूदगी में विद्युत कर्मचारियों की टीम वापस लौटी थी। इसके बाद स्मार्ट मीटर के विरोध बड़ी संख्या में रहवासी कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने पुराने मीटर लगाए जाने और स्मार्ट नहीं लगाने की मांग की थी।

# जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों का संयुक्त संचालक ने किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त संचालक ग्वालियर संभाग सीमा शर्मा ने ईसागढ़ एवं अशोकनगर ग्रामीण के आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया।** उन्होंने नई सराय क्षेत्र के चार आंगनबाड़ी केंद्रो का निरीक्षण किया। जिसमें बच्चों के वजन मापन का क्रॉस चेक किया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक में बच्चों के वजन ऊंचाई में अंतर पाया गया, जिस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए सेक्टर सुपरवाइजर रानी पाल को समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर क्रॉस चेक किस प्रकार करना है उसकी समझाइश दी गई। उन्होंने क्षेत्र की तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर प्रतिवेदन भेजने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए। बरखेड़ा गौड क्षेत्र में मुंडरा नई आंगनबाड़ी केंद्र पर व्यवस्थाएं ठीक पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया। इसके अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को निर्देश दिए कि प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्र इसी प्रकार संचालित होना चाहिए।

# अयोध्या जाएगी जानकी धाम करीला की रज

**सीता नवमी पर भरे गए मिट्टी और जल**

**कार सेवक बनेंगे इस मिलन के साक्षी**




**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र करीला धाम में शनिवार का दिन इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया। अवसर था सीता नवमी का, जिसे इस बार न केवल धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया, बल्कि इसे जानकी धाम और राम धाम के मिलन का एक भावुक क्षण भी बना दिया गया।

करीला धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव और पूर्व सांसद डॉ.केपी यादव की उपस्थिति में माँ जानकी का विशेष श्रृंगार कर उन्हें 56 भोग अर्पित किए गए। लेकिन इस बार का आयोजन केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं रहा, यहां से एक ऐसी यात्रा शुरू हुई है जो सीधे अयोध्या में प्रभु श्री राम के चरणों तक पहुंचेगी।

### अयोध्या जाएंगे जानकी धाम के कण और जल:

सीता नवमी को ऐतिहासिक बनाने के लिए करीला धाम की पवित्र मिट्टी (रज) और जल को कलशों में संजोया गया है। पवित्र जल को धाम की एक अत्यंत प्राचीन बावड़ी से जल भरा गया है। एवं पवित्र रज (मिट्टी) जानकी मंदिर के पीछे स्थित प्राचीन चम्पा वृक्ष के पास से मिट्टी ली गई है, जिसे माँ जानकी के चरणों की धूल माना जाता है। इन दोनों कलशों को आगामी 29 अप्रैल को श्री राम जन्मभूमि, अयोध्या ले जाया जाएगा, जहां भगवान श्री राम को जानकी धाम का यह स्नेह भेंट स्वरूप अर्पित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक मिलन के साक्षी कारसेवक बनेंगे।

# यज्ञ में भाग लेना सौभाग्य की बात : विधायक

**जारसल चक्क में चल रहा श्रीराम महायज्ञ**

**जिन घरों में बेटियां वहां लक्ष्मी और शांति का वास**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** चंदेरी के निकट जारसल चक्क सिद्ध बाबा की टोरिया कैलाश धाम आश्रम पर चल रहे हैं श्री नव कुंडी यज्ञ के छठवें दिन भी विश्व शांति के लिए यज्ञ में आहूतियां दी गई। तो वहीं यज्ञ में शामिल होने के लिए अशोकनगर के विधायक हरिबाबू राय पहुंचे, जहां उन्होंने यज्ञ की परिक्रमा की यज्ञचार्य का आर्शीवाद लिया। इस दौरान उन्होंने कहा यज्ञ में सम्मिलित होना हमारे जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है, राजनीति तभी सफल हो सकती है जब हम धर्म से जुड़े रहेंगे, धर्म के बिना राजनीति में कभी सफलता नहीं मिल सकती है। रामायण में तुलसीदास जी ने यही कहा है राजनीति बिनु धन बिनु धर्मा, विधायक के यज्ञ में पहुंचने पर यज्ञ के संरक्षक जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने श्रीफल देकर आशीर्वाद दिया एवं यज्ञ कर्ता महंत भरतदास ने राम नामी दुपट्टा उड़ा कर सम्मानित किया।

वहीं शाम के समय कथावाचक जगतगुरु देवमुरारी बापू ने श्री राम कथा के माध्यम से पार्वती जी के जन्म की कथा को श्रवण कराया, पार्वती बेटी के रूप में हिमालय पर जन्म ली, जिससे हिमालय पर चारों तरफ सुंदर वातावरण उत्पन्न हुआ एवं रिद्धि सिद्धि जाकर हिमालय पर वास करने लगी। इससे समाज को यह शिक्षा मिलती है की बेटी माता और पिता के कंधों पर बोझ नहीं होती, बल्कि उसके आने से घर में लक्ष्मी और सुख संपत्ति का वास होता है.

लेकिन इस कलयुग में उल्टा समझा जाता है बेटी के जन्म होने पर माता-पिता उदास हो जाते हैं और पुत्र के जन्म होने पर थाली बजाकर मिठाई बांटी जाती है और ढोल नगाड़े बजवाए जाते हैं। राम कथा यही सिखाती है कि कुरीतियों को दूर कर पूर्वजों के सुंदर आदर्श चरित्र को अपनाऐं तब जीवन में खुशहाली होगी। बेटी घर में जन्म लेती है तो यह समझना चाहिए कि यह लक्ष्मी, गीता, गायत्री, सावित्री, सती अनसूया, मीरा एवं लक्ष्मीबाई की तरह घर को ही रोशन नहीं करेंगे बल्कि इतिहास के पन्नों पर नाम लिख सकती हैं। रामायण में शबरी है, जिसकी झोंपड़ी में स्वयं भगवान श्री राम जाकर उसका उद्धार किए थे।

# यादव को बनाया अपेक्स बैंक का चेयरमैन

**अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठतम नेता, कुशल संगठक, सेवा भावी मिलन सार सहज सरल छवि, कार्यकर्ताओं के आधार स्तंभ भोपाल जिला संगठन प्रभारी पूर्व चेयरमैन मध्य प्रदेश बीज विकास निगम महेंद्र सिंह यादव ग्वालियर को मध्य प्रदेश अपेक्स बैंक में चेयरमैन बनाए जाने भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कार्यकर्ताओं ने बताया कि उनके कुशल मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश विकास की ऊंचाइयों को छुएगा एवं उनके समृद्ध अनुभव का लाभ पूरे मध्य प्रदेश को प्राप्त होगा?। बधाई देने बालों में रेड क्रॉस सोसाइटी चेयरमैन डॉक्टर जयमंडल यादव सचिव संजय रघुवंशी प्रदेश प्रतिनिधि डॉ दीपक मिश्रा, डॉ हरवीर रघुवंशी, डॉ राजकुमार शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


**कार्यक्रम**

## मुनिश्री ने स्वयं लगाया सभी को गंधोदक, कहा मरना पसंद करना, मगर अभिषेक करना मत छोड़ना

# नगर में सैकड़ों लोगों ने एक साथ किया सामूहिक अभिषेक

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** शनिवार को नगर में विराजमान मुनिश्री सुधा सागर महाराज संसघ के द्वारा संत निवास पर नगर के समस्त पुजारियों द्वारा सामूहिक रूप से प्रभु का अभिषेक और शांतिधारा की गई, जिसके बाद मुनिश्री ने सभी श्रद्धालुओं को अपने हाथों से गंधोदक लगाया, इस आयोजन में बड़ी संख्या में पुजारी पहुंचे वही इस अवसर मुनिश्री ने सभी श्रद्धालुओं को अभिषेक और शांतिधारा के लाभ और हानि के बारे में बताया गया। मुनिश्री ने कहा कि आपको मनुष्य पर्याय मिली है जानते हो कितना पुण्य अर्जित किया होगा तब जाकर आपको जैन कुल मिला, उसमें भी पूरे भारत में बुंदेलखंड मिला जहां प्राचीन शब्दता आज भी मानी जाती है आप लोगों को पता नहीं है, अभिषेक की महिमा एक बार महिला को गन्दोधक नहीं मिला तो वह मरने के लिए तैयार हो गई यह होती है भगवान के प्रति श्रद्धा, अभिषेक, और मौत में एक चुनना पड़े तो मौत को चुन लेना मगर भगवान के अभिषेक को मत छोड़ना महाराज श्री ने कहा कि में बहुत करुणा और दया करके कह रहा है 100 मुनि राजो का आशीर्वाद वो काम नहीं करेगा जो एक बार अभिषेक करने से होगा, कितना ही बड़ा संकट आ जाए उसे कोई दूर कर सकता है तो वो है गंधोदक बचपन में पिता से, जवानी में पति से ओर बुढ़ापे में बेटे के हाथों से बना हुआ गंधोदक लेना चाहिए घर में गंधोदक लाने वाला है और घर की महिलाएं गंधोदक के लिए दूसरे से भीख मांग रही है, इसका बड़ा अभागा कोई नहीं होगा रोटी के लिए भीख मंगवा लेना मगर आज से आप के घर महिलाएं गंधोदक के लिए दूसरे से भीख न मांगे इतना ध्यान रखना।




### अल सुबह श्रद्धालुओं का उमड़ा हुजूम:

मुनिश्री के आदेश पर नगर के 8 साल से लेकर 80 साल तक के बुजुर्ग लाइन लगाकर शनिवार की सुबह 5 बजे संत निवास पहुंचना शुरू हो गए, और देखते ही देखते श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा और संत निवास में बैठने तक के लिए जगह नहीं बची, श्रद्धालुओं का उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है सभी श्रद्धालुओं सुबह से आए के चार पांच घंटे अपने गुरु के आदेश अनुसार पंडाल में बैठे रहे और आखिर में गुरु के हाथ से गंधोदक लगवा कर ही घर गए, पूरे समय मुनिश्री सुधा सागर महाराज के जयकारों गूंजता रहा, नगर के इतिहास में यह पहली बार हुआ जब इतना बड़ा आयोजन एक दिन में कर लिया गया हो और इतने बड़ी संख्या में आयोजित किया गया हो।

# 21 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा प्रारंभ



**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** जिले की मुंगावली तहसील अंतर्गत ग्राम महुआखाड़ी में 21 कुंडीय सप्तदिवसीय श्रीराम महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा का शुक्रवार से प्रारंभ हो गया है। यह पावन आयोजन श्री सिद्ध बाबा जी के सान्निध्य में संपन्न किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में समस्त मोंगिया समाज महुआखाड़ी एवं क्षेत्रवासियों का विशेष सहयोग है। यज्ञ के पहले दिन शुक्रवार को श्री गणेश पूजन, कलश यात्रा, पीठ रचना एवं प्रायश्चित स्नान से प्रारंभ होकर 25 अप्रैल शनिवार को मंडप प्रवेश, पीठ पूजन हुआ। तो वहीं रविवार को अग्निमंथन एवं हवन प्रारंभ होगा। वही 30 अप्रैल गुरुवार को पूर्णाहुति प्रसाद वितरण एवं भंडारे के साथ यज्ञ एवं श्रीराम कथा की पूर्णाहुति के साथ समापन। इस महायज्ञ के यज्ञकर्ता के परम पूज्य श्री श्री 108 महंत श्री महामंडलेश्वर श्री सीताराम दास महाराज (श्रीराम इच्छा कुटी, मुंगावली) का विशेष सान्निध्य प्राप्त होगा। वहीं यज्ञाचार्य के रूप में पंडित श्री रूपनारायण जी तिवारी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं शाम के समय संगीतमय श्रीराम कथा का वाचन पं. श्रवण भार्गव महाराज गुना द्वारा किया जा रहा है।


**कार्यालय तहसीलदार तहसील शाढ़ौरा, जिला अशोकनगर मप्र**

क्र /री-1/2026

शाढ़ौरा दिनांक 23/04/2026

//विज्ञाप्ति//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बृजेश सिंह रघुवंशी पुत्र पूरन सिंह जाति रघुवंशी निवासी ग्राम जलालपुर ने अपनी दादी तुरषाबाई की मृत्यु दिनांक 13/03/2020 में होने का हवाला देकर मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। इसमें किसी भी हितग्राही को कोई आपत्ति हो तो वह कार्यालय तहसीलदार तहसील शाढ़ौरा में उपस्थित होकर दिनांक 30/04/26 तक प्रस्तुत करे। बाद म्याद गुजरने के उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यह विज्ञाप्ति पत्र दिनांक 23/04/26 के मेरे हस्ताक्षर पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
तहसील- शाढ़ौरा